
हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



## खबर संक्षेप



### अमलोर के छात्राओं को साइकिल वितरित

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल अमलोर में छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया गया। इस मौके पर रूपा जयप्रकाश यादव के आतिथ्य में साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्य, बाबूराम ध्रुव, दुकालू राम ध्रुव, जीएस ठाकुर (प्राचार्य), जितेश ठाकुर, प्रतिभा त्रिपाठी, प्रदुम्न पांडेय, बल्लू नेताम, गैंदू ध्रुव, चंद्रकांत चतुर्वेदी, रूखमणी आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरुकता को लेकर हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं निर्मल कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना श्याम बालाजी कॉलेज के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा मतदाता जागरुकता के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ अंकिता चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार साहू, निर्मल कुमार बंजारे, शीतल साहू, टोप राम कुर्रे आदि मौजूद रहे।

# कन्या स्कूल के 4 बाल वैज्ञानिकों का जिला से जोन स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में हुआ। जिसमें कन्या विद्यालय पिथौरा के प्रॉजेक्ट एवं मॉडल का चयन जोन लेवल के लिए हुआ है। जिसमें होम ऑटोमेशन बना सबके लिए आकर्षक का बिंदु जिसे अटल टिंकरिग लैब प्रभारी कन्या विद्यालय पिथौरा के प्राचार्य आशाराम बरिहा एवं भौतिकी विभाग के व्याख्याता जीएम साहू के मार्गदर्शन में तैयार किया गया और बाल वैज्ञानिक जागृति सिन्हा ने इसमें द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महासमुंद जिले के विभिन्न विद्यालयों की बाल वैज्ञानिकों कक्षा 8वीं आठवीं से 12वीं तक के लगभग 100 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा एवं वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विज्ञान विषय की समझ को विकसित करना, नवाचार प्रयोग करना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा इसके अंतर्गत जो साथ कथानक रखे गए थे, जिसमें विद्यार्थियों ने सतत कृषि अपशिष्ट प्रबंधन प्लास्टिक के विकल्प हरित ऊर्जा उभरती हुई प्रौद्योगिकी मनोरंजन गणितीय मॉडल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जल संरक्षण नवीन तकनीकी आदि विषयों पर वैज्ञानिक मॉडल एवं आकर्षक प्रोजेक्ट बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। अक्टूबर माह में ही जोन स्तर पर विज्ञान मेला के आयोजन जाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा के अटल टिंकरिंग लैब के 4 छात्राओं का चयन जिला स्तर पर हुआ है। अटल टिंकरिंक लैब के प्रभारी गुणमणि साहू, सहयोगी शिक्षक विजय सिन्हा एवं गोपेश कुमार डड़सेना के नेतृत्व में उनकी टीम तथा बाल वैज्ञानिक जागृति सिन्हा, लोकेश्वरी साहू, पारुल रात्रे, आस्था प्रधान ने अनेक वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने महासमुंद जिले का नाम रौशन किया है।

अटल प्रभारी गुणमणि साहू ने कहा कि बच्चों को विज्ञान से जोड़ने के लिए अनेक प्रकार के समस्या समाधान पर फोकस करना और नवाचार को बढ़ावा देना महत्पूर्ण बताया है। साथ ही जीवन में आने वाले हर परिस्थिति का सामना कर अपने लक्ष्य प्राप्त करना बताया है। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे द्वारा बच्चों को विज्ञान की महत्ता बताकर प्रेरित किया। प्रमाण पत्र और स्मृति सभी प्रथम, द्वितीय ,तृतीय आने वाले साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों, मार्गदर्शक शिक्षकों को दिया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जगदीश सिन्हा, विवेक वर्मा, अजय भोई मौजूद रहे।

### छग सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने की संवेदना राशि अर्पित



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अपने साथी श्रवण सोनी के असमय निधन पर उनके दशगात्र कार्यक्रम में उपस्थित होकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान ने कहा कि उनके निधन से संगठन ने एक कर्मठ, ईमानदार और मिलनसार साथी को खो दिया है, जो कि संगठन के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। कोई भी विषम परिस्थिति में फेडरेशन परिवार के साथ खड़ा है। इस कठिन समय में संगठन के समस्त साथियों ने मिलकर संवेदना राशि 28,100 रुपए उनके आश्रित परिवार को प्रदान कर अपनी सामूहिक जिम्मेदारी निभाई है। यह राशि भले उनके परिवार के दुःख को कम न कर सके, किंतु यह हमारे स्नेह, एकता और सहयोग की भावना का प्रतीक है। प्रदेश प्रवक्ता राजाराम पटेल ने परिवार को कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है दिवंगत आत्मा को शांति तथा परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मनोज राय, अंगद बारीक, उपेंद्र साहू, श्रवण रोशन भोई, राजकुमार सिंह, ब्रजकिशोर प्रेमी, सुधीर सोना, हारून गार्डिया, रंजन बुडेक आदि मौजूद रहे।

### गौ सेवा आयोग सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**महासमुंद।** गौ सेवा आयोग के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विसेषर पटेल गौ सेवा आयोग अध्यक्ष रहे। महासमुंद जिला अध्यक्ष नीलेश पटेल, जिला सदस्य विजय महतो, ईवन साहू, गीतेश पंडा, रितेश गोलछा, राजेश चौधरी, विकासखण्ड अध्यक्ष महासमुंद से हिरेंद्र सोनी, बागबाहरा गिरीश चक्राधरी, पिथौरा से सौरभ अग्रवाल, बसना से नंदकिशन साव व सरायपाली से मयंक शर्मा ने शपथ ग्रहण कर पदभार ग्रहण किया।


## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



**विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:**

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे किः सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025- 26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है । इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी - डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन, जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
84353 86927, 98271 28346
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur


# हरियाणा के आईपीएस पूरन को प्रताड़ित करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

**महासमुंद।** हरियाणा के अनुसूचित जाति के आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार जो आईजी के पद पर रहते हुए 7 अक्टूबर को अपने रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मरने के पूर्व नौ पेज की सुसाइड नोट में राज्य के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व डीजीपी शत्रुजीत कपूर के साथ 15 आईएएस-आईपीएस अधिकारियों द्वारा उनके अनुसूचित जाति के होने के कारण जातिगत रूप से प्रताड़ित करने से मजबूरी में आत्महत्या करने की बात लिखी है। मृतक की पत्नी जो स्वयं आईएएस अधिकारी है, ने दोषियों के ऊपर कार्रवाई की मांग की, जिस पर केवल एफआईआर दर्ज कर जांच के बाद कार्रवाई करने की बात हरियाणा सरकार कह रही है। जबकि, मृतक ने सुसाइड नोट में 15 पूर्व व वर्तमान अधिकारीयों के नाम स्पष्ट रूप से लिख गया है, जो महत्वपूर्ण सबूत है। इस पत्र के आधार पर नामजद सभी लोगों की गिरफ्तार कर सख्त संदेश दिया जाए। ताकि, अन्य भेद-भाव करने वालों लोगों में भय हो। इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव व डीजीपी पर मुख्य आरोप तो उनके पद में रहते स्वतंत्र जांच की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। इसलिए इसे पद से हटाकर सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच किया जाना चाहिए। जिससे देशभर में जातिगत भेदभाव करने वालों को कड़ा संदेश मिले। उक्त घटना के बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से देश भर के अनुसूचित जाति वर्ग में भारी आक्रोश एवं भय का माहौल है।

सर्व अनुसूचित जाति महासमुंद के लोगों ने लिखित ज्ञापन में राष्ट्रपति एवं चीफ जस्टिस तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से उक्त घटना के आधार पर देशभर में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ संस्थागत तौर पर उनके साथ कैसे जातिगत भेद-भाव होती है। छोटे-छोटे कर्मचारियों की मौत की खबर तो संबंधित क्षेत्र में ही दफन हो जाती है। हमारे समाज के बहुत से अधिकारियों को जाति के कारण ही लूपलाइन में रखी जाने है तथा आला अधिकारियों द्वारा उनके सीआर जानबूझकर खराब करने के कारण देशभर में अनुसूचित जाति के वरिष्ठ आईएएस व आईपीएस अधिकारी को राज्यों के मुख्य सचिव व डीजीपी बनने की संख्या नगण्य बताया है। ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का बार-बार ट्रांसफर कर परेशान करने के साथ ही अजा वर्ग के लोगों को नौकरी योग्यता से नहीं बल्कि आरक्षण से मिलने की तंज कसने जैसे अहम बात को इंगित किया गया है। हरियाणा के पूरन सिंह को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले सभी दोषियों की त्वरित गिरफ्तार कर देशभर में अनुसूचित जाति के अधिकारी कर्मचारियों के साथ होने वाली संस्थागत जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए ठोस कानून बनाकर एससी वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों का सरंक्षण करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व अनुसूचित जाति के सरंक्षक तुलेंद्र सागर, विजय बंजारे, देवेंद्र रौतिया, सलाहकार दिनेश बंजारे जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, आनंद कुर्रे, जेपी खटकर, आशाराम बांधे, राजेश रात्रे, घनश्याम जांगड़े, नंदकुमार कोसरे, संतराम कुर्रे, नरेंद्र रौतिया शामिल रहे।



### शैक्षणिक भ्रमण से व्यावसायिक ट्रेड रिटेल संकाय के बालिकाओं ने रिटेलिंग प्रोसेस को करीब से जाना

**पिथौरा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा की रिटेल संकाय की छात्राओं ने इंडस्ट्री केइंडस्ट्री विजिट के तहत लहरौद स्थित तारा मार्ट में शॉपिंग बाजार सुपरमार्ट तथा आधुनिक तरीके से रिटेलिंग के विभिन्न भारतीयों को प्रैक्टिकल रूप से समझा यह भ्रमण बालिकाओं के लिए बहुत लाभप्रद लगा, जहां बच्चों ने प्रोडक्ट डिस्प्ले, प्रोडक्ट अरेंजमेंट एवं स्वयंसेवा आधारित आनंददायक शॉपिंग करना और पेमेंट ऑप्शंस को जाना। शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के प्राचार्य आशाराम बरिहा, वरिष्ठ व्याख्याता अमृत लाल पटेल, रमा प्रजापति, कमला यादव, विजय कुमार सिन्हा, गोपेश कुमार डड़सेना व्यावसायिक शिक्षक भी इस सफल आयोजन में शामिल हुए।

### टेट, पेंशन एवं क्रमोन्नति के लिए ज्ञापन आज

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन जिला के जिला अध्यक्ष नारायण चौधरी ने बताया कि टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर जिला कार्यकारिणी महासमुंद द्वारा 15 अक्टूबर को अपरान्ह 3:30 बजे मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम का जिला कलेक्टर तथा डीईओ के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा।






# ऑपरेशन निश्चय अभियान से बेनकाब हो रहे नशे के गोरखधंधे में लिप्त कांग्रेसीः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही नशा के अवैध कारोबार में सख्ती सामने आई है। अगस्त 2024 में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नवा रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का कार्यालय की शुरुआत के साथ प्रदेश में नशे के खिलाफ एक मजबूत तंत्र खड़ा हुआ है और लगातार ऐसे खुलासे हो रहे हैं। जिनके तार कांग्रेसियों से जुड़े पाए जा रहे हैं।

जिले में ऑपरेशन निश्चय अभियान के माध्यम से नशे के अवैध कारोबारियों पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई को नशे के खिलाफ एक सशक्त व प्रभावशाली कदम बताते हुए भाजपा नेता देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में कभी भी अवैध नशे के विरूद्ध कोई अभियान नहीं चलाया गया। क्योंकि, कांग्रेस के लोग ही नशे के काले कारोबार में लिप्त रहे। हाल ही में बागबाहरा के एक कांग्रेस नेता के रिश्तेदार का नशे के कारोबार में रंगे हाथों पकड़ा जाना और उसकी गिरफ्तारी इसका प्रमाण है।

इस अवैध कारोबार में लगातार कांग्रेस नेताओं और उनके परिवारों का नाम सामने आना यह साबित करता है कि कांग्रेस हमेशा नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ खड़ी रही। कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों में नशे का कारोबार फला-फूला और प्रदेश की युवा पीढ़ी को खोखला करता रहा। देवेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की गई है। प्रदेश में लगातार अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े जा रहे हैं। जिससे आम जन में एक सार्थक संदेश पहुंच रहा है कि भाजपा सरकार का लक्ष्य सिर्फ तस्करों पर शिकंजा कसना ही नहीं, बल्कि समाज को नशा मुक्त करना भी है। महासमुंद शहर ही नहीं जिले के हर नागरिक जानता है कि कांग्रेस के किन लोगों द्वारा जिले में नशे के काले कारोबार चलाया जा रहा है।




तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025



14 बादल छंटते ही गुलाबी ठंड ने दी दस्तक...





14 कौशल ही भविष्य की सच्ची पूंजी: चातुरी






## खबर संक्षेप

### पत्नी के साथ मारपीट थाने में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** पत्नी के साथ मारपीट के मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी पति के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया पुष्पांजलि पति मुकेश पटेल (19 साल) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह ग्राम दुरूगपाली की रहने वाली है और अपने पति मुकेश पटेल के साथ उजाला पैलेस लहरौद पिथौरा में रहकर रोजी मजदूरी का काम करती है। 05 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे मेरे पति मुकेश पटेल ने गाली गलौज करते हुए घरेलू बातों को लेकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। चोट आने के चलते वह इलाज के लिए अपने माता-पिता के साथ पदमपुर ओडिशा गई। जहां से वापस आकर 13 अक्टूबर को उसने रिपोर्ट दर्ज कराया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पति के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम सिंधुपाली के ढाबा के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी सिरामन सिंह ध्रुव ने बताया कि वह ग्राम परसापाली में रहता है। 13 अक्टूबर को देवपूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 पी 8113 से वह घनश्याम ध्रुव के साथ गया था। पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दोपहर करीब 3.15 बजे ग्राम सरगतोरा से वापस घर ग्राम परसापाली आ रहे थे। दोपहर करीब 3.45 बजे ग्राम सिंघुपाली न्यू कमल ढाबा के पास मोटर सायकल को एनएच 53 रोड किनारे खडी कर लघुशंका के लिए उतरे थे, उसी समय पीछे से आ रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक अपनी वाहन को तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर घनश्याम ध्रुव को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे घनश्याम ध्रुव के सिर में चोट आई और उसकी मृत्यु हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक से मारपीट के मामले में दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अपने मामा के घर ग्राम साल्हेभांठा गए एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को मनोज कुमार तांडी पिता रामलाल तांडी (26 वर्ष) ग्राम सिवनीखुर्द ने बताया कि रिश्ते में मामा मोहन लाल पिता बलदेव गाडा ग्राम साल्हेभांठा में रहते हैं। जहां वह 11 अक्टूबर को गया था। रात्रि 8 बजे वह अपनी ममेरी बहन से बात कर रहा था, तभी ग्राम साल्हेभांठा के रहने वाले अमृतलाल साहू पिता थानूराम साहू एवं हेमकुमार साहू पिता रंगूलाल साहू वहां पर आए और हमारे गांव क्यों आते कहकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर विवाद करने लगे।

# बाजार सजकर तैयार: पुष्य नक्षत्र के साथ शुरू होगी दीवाली की खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दीवाली के ठीक पहले शहर का सराफा, कपड़ा और अन्य बाजार सजकर तैयार हो गया है। इस साल दीवाली से केवल पांच दिन पहले 14 एवं 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। इस तरह, पुष्य नक्षत्र के साथ ही इस बार का पहला शुभ मुहूर्त ग्राहकों को मिलने वाला है।

अगले सात दिनों में सिद्धि राजयोग, धनतेरस, अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे खरीदी के कई शुभ अवसर लोगों को मिलने वाले हैं, जिससे नगर के बाजार में करोड़ों रुपए के व्यापार से गुलजार होने की उम्मीद है। ज्योतिषियों के अनुसार, पुष्य नक्षत्र सभी राशि वालों के लिए सुख-समृद्धि लेकर आ रहा है। यह शुभता का संचार करेगा और इस दौरान की गई हर खरीदी चिर स्थायी होगी। ज्योतिष शास्त्र में इस मुहूर्त को 'अबूझ मुहूर्त' भी कहा जाता है, जिसमें किए गए सभी काम पूरे होते हैं और बहुत जल्दी उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। इस पावन नक्षत्र में महासमुंद के लोग भी नए कार्यों की शुरुआत करने की तैयारी में हैं। लोग अपनी पसंद के वाहनों, घर, सोने-चांदी के आभूषणों समेत अन्य वस्तुओं की बुकिंग भी करवा रहे हैं। व्यापारी और ग्राहक दोनों ही इस शुभ शुरुआत को लेकर उत्साहित हैं। बाजार पूरी तरह से तैयार है और उम्मीद है कि इन शुभ मुहूर्तों में जिले में करोड़ों रुपए का व्यापार होगा, जिससे बाजार में नई रौनक आएगी।

## ग्राहकों को लुभा रहे आकर्षक ऑफर, सराफा, बर्तन, वाहनों की होगी खरीदी

### बाजार में ऑफर्स की झड़ी

शहर में ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर कपड़ा, बर्तन, ज्वेलरी और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में ग्राहकों को खींचने के लिए कई आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम में ग्राहकों को तोहफे, कैश डिस्काउंट, निश्चित वाउचर और एक्सचेंज ऑफर सहित कई लुभावने ऑफर दिए जा रहे हैं। वॉशिंग मशीन, एसी, एयर प्यूरीफायर, वॉटर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, गीजर, होम थिएटर जैसे सामानों की अच्छी मांग देखी जा रही है।



### दिवाली की तारीख पर संशय

कुछ ज्योतिष 20 अक्टूबर तो कुछ 21 अक्टूबर को दीपावली मनाने की बात कह रहे हैं। हालांकि, अधिकतर विद्वानों के अनुसार प्रदोष काल में अमावस्या के कारण 20 अक्टूबर को ही लक्ष्मी पूजा शुभ रहेगी। 20 अक्टूबर को दोपहर 2.27 बजे अमावस्या शुरू हो जाएगी, जिसके बाद प्रदोषकाल व मध्य रात्रि में अमावस्या रहेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 21 अक्टूबर को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा भी जिले में स्थानीय अवकाश के रूप में घोषित किया गया है।

## न्याय की गुहार : ग्रामवासियों की सार्वजनिक निस्तारी पर संकट

# कौंवाझर में तालाब पर कब्जा की ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के ग्राम कौंवाझर में एक पुराने सार्वजनिक तालाब के अस्तित्व पर गहरा संकट मंडरा रहा है। वर्षों से गांव वालों के नहाने, जानवरों को पानी पिलाने और निस्तारी का मुख्य केंद्र रहे इस तालाब की भूमि को, जो पूर्व में शासन के रिकॉर्ड में निहित थी, अब कथित तौर पर निजी भूमिस्वामी के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। इस गंभीर विसंगति और अतिक्रमण ने ग्रामवासियों के लिए पेयजल, पहुंचमार्ग और सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर बड़ी समस्या खड़ी कर दी है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। जिसकी शिकायत एवं कब्जा हटाने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में गांव के सरपंच



समेत सैकड़ों संख्या में लोगों ने पहुंच कर किया है।

ग्राम कौवाझर, पटवारी हल्का नंबर 7, राजस्व निरीक्षक मंडल पटेवा में स्थित इस तालाब का खसरा नंबर 264 और 263 है, जिसका पुराना नंबर 141/1 और 141/2 है। इसका कुल रकबा 8 एकड़ 37 डिसमिल है। यह तालाब दशकों से गांव की जीवनरेखा रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अनुविभागीय अधिकारी, महासमुंद के आदेश दिनांक 30-12-1963 के अनुसार, यह तालाब भूमि शासन में निहित थी, जिसका प्रमाण संशोधन पंजी में भी दर्ज है। हालांकि, वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड बी-1 खसरा में इस ऐतिहासिक तथ्य की अनदेखी कर दी गई है। वर्तमान में, तालाब की भूमि का एक हिस्सा खसरा नं. 264/1, रकबा 3.050 हेक्टेयर, खसरा नं. 264/2 (रकबा 0.320 हेक्टेयर) घनश्यामदास, सुशील रियाल्टी प्राइवेट लिमिटेड, भिलाई के नाम से और खसरा नं. 273 (रकबा 0.8200 हेक्टेयर) श्रीराम सर्विसेस पार्टनर नरेश, रायपुर के नाम पर भूमिस्वामी के रूप में दर्ज हो गया है।

### सार्वजनिक रास्ता भी प्रभावित

अतिक्रमण केवल तालाब तक सीमित नहीं है। गांववासियों के अनुसार, तालाब तक पहुंचने का मुख्य मार्ग भी खसरा नं. 266, 267 और 262 पुराना नं. 140/4, 140/3 की मेड़ से होकर गुजरता है। यह रास्ता, जिसका एक हिस्सा पूर्व में घास मद में दर्ज था, अब निजी भूमिस्वामी तोषण चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर के रिकॉर्ड में दर्ज है। इन लोगों द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने और रिश्वत की मांग किए जाने से ग्रामवासियों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, खासकर गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह से ठप है।

### शासन के आदेश की अवहेलना

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में उक्त तालाब शासन में निहित होने के कारण इस पर राहत कार्य भी कराए गए थे, जिससे यह प्रमाणित होता है कि यह एक सार्वजनिक संपत्ति है। इसके बावजूद, वर्तमान काबिज व्यक्ति इसे अपना निजी तालाब बताकर सार्वजनिक निस्तारी के उपयोग को प्रभावित कर रहे हैं। इस कदम से न सिर्फ ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं, बल्कि उनका दैनिक जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है।

### न्याय की गुहार

कौंवाझर के ग्रामवासियों ने अब एकजुट होकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 1963 में दिए गए आदेश और संलग्न संशोधन पंजी को आधार बनाते हुए यह मांग की है कि सार्वजनिक उपयोग की इस महत्वपूर्ण भूमि को तत्काल निजी स्वामित्व से मुक्त किया जाए और इसे पुनः शासन के अधीन दर्ज किया जाए, ताकि गांव की निस्तारी और पहुंच मार्ग सुनिश्चित हो सके।

## अभद्र व्यवहार पर सख्त कार्रवाई

# कृषि विभाग ने अटैचमेंट खत्म कर कर्मचारी को मूल कार्यालय भेजा


विरोध प्रदर्शन : संघ बोला: जब तक अटैच कर्मी को नहीं ह...

सालों से अटैच कर्मी के दुर्व्यवहार से परेशान अफसरों ने की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाकर उसके मूल कार्यालय पिथौरा भेजा

जिले के कृषि विभाग में पिछले 13 वर्षों से अटैच एक कर्मचारी द्वारा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ लगातार किए जा रहे कथित अभद्र व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ आखिरकार विभाग ने देर रात सख्त कार्रवाई की है। कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाकर उसके मूल कार्यालय पिथौरा भेज दिया गया है।

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के विरोध प्रदर्शन और मीडिया में मामले के प्रमुखता से उठने के बाद की गई। जिले के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के बैनर तले एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। उन्होंने उप संचालक कृषि को दिए गए आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि जितेंद्र पटेल, जो उप संचालक कृषि कार्यालय महासमुंद में संलग्न थे, मैदानी कर्मचारियों, के साथ लगातार कथित अभद्र व्यवहार कर रहे थे।


शिकायत में कहा गया था कि पटेल, उप संचालक कृषि का हवाला देकर भ्रामक जानकारी प्रसारित करते थे और कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान करते थे। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। देर रात विभाग ने आदेश जारी कर अटैचमेंट पर चल रहे जितेंद्र पटेल को तत्काल प्रभाव से हटाकर उनके मूल कार्यालय पिथौरा वापस भेज दिया। इस कार्रवाई पर, छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के अध्यक्ष अविनाश चंद्राकर ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह सच्चाई की जीत है। एक तानाशाह का अध्याय समाप्त हुआ। विभाग के इस त्वरित निर्णय से सभी कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें न्याय मिला है।



## वन अधिकार पत्र में रकबा त्रुटि: जिले के ग्राम रामपुर में हितग्राही परेशान

**महासमुंद।** जिले के झलप राजस्व निरीक्षक मंडल अंतर्गत ग्राम रामपुर के वन भूमि पर काबिज व्यक्तियों को प्राप्त वन अधिकार पत्र पुस्तिका में रकबा की गंभीर त्रुटियों का मामला सामने आया है। वन अधिकार अधिनियम के तहत अपने जीवन निर्वाह के लिए पट्टा प्राप्त करने वाले ग्रामीण अब गलत रकबा दर्ज होने से परेशान हैं। हितग्राहियों के वन अधिकार पत्र में काबिज भूमि का क्षेत्रफल गलत दर्ज है। कई व्यक्ति जो 2 एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं, उन्हें मात्र आधा एकड़ का पट्टा दिया गया है, वहीं कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें आधा एकड़ के कब्जे के बावजूद 2 एकड़ का पट्टा आवंटित हो गया है। हितग्राहियों प्यारे लाल, ललित, दुलारु, कौशल यादव, अर्जुन सिंह, संतराम, गणेश, कुमारी बाई, और थनवार सहित अन्य ने पत्र में अधिकारियों से मौके का निरीक्षण करने और वास्तविक काबिज भूमि को उनके वन अधिकार पत्र पुस्तिका में सही दर्ज करवाने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की है।

## बारिश से किसानों को भारी नुकसान, खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद, किसान



**बसना।** हाल ही में हुई लगातार बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बीते दिनों क्षेत्र में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। हवा और तेज बारिश के चलते कई जगहों पर फसलें पानी में भीगकर सड़ने लगी हैं, तो कहीं कटाई के लिए तैयार धान की बालियां गिरकर खराब हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का कहना है कि इस बार की बारिश ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में पानी भर जाने से फसलें सड़-गल रही हैं और कटाई का काम भी ठप पड़ा है। कई किसानों की छोटी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। फूलझर और भंवरपुर आसपास के क्षेत्रों में किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। खेतों में लगी फसलें नष्ट होने से किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा असर पड़ने की संभावना है। किसान अब सरकार और प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवज़े की मांग कर रहे हैं, ताकि हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। किसानों ने बताया कि यदि जल्द ही मौसम में सुधार नहीं हुआ तो बाकी बची फसलें भी नष्ट हो सकती हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर राहत सहायता देने की मांग की है।

# दिवाली से पहले कर्मियों की पालिका को चेतावनी, वेतन नहीं मिला तो करेंगे हड़ताल




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में सफाई व्यवस्था व अन्य सुविधाएं पर संकट मंडरा रहा है। नगर पालिका के 200 से अधिक कर्मचारियों ने लंबित वेतन भुगतान न होने के कारण 16 अक्टूबर से काम बंद करने का ऐलान किया है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर 15 अक्टूबर तक भुगतान नहीं किया गया, तो शहर के 30 वार्डों में काम करने वाले नियमित, प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे।

बता दें कि सफाई कर्मचारी अगर हड़ताल पर गए तो नगर में रोजाना निकलने वाले 50 -100 टन कचरे का प्रबंधन प्रभावित होगा, जिससे सड़कों पर गंदगी का अंबार लग सकता है। नियमित एंव प्लेसमेंट कर्मचारियों की नाराजगी का मुख्य कारण पालिका द्वारा पिछले महीने का वेतन भुगतान में देरी करना है, सफाई कर्मचारियों का कहना है कि हम शहर को साफ रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन दिवाली जैसे पर्व पर खाली हाथ रहने की नौबत आ गई है। इस संबंध में पालिका के कर्मचारी नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को ज्ञापन सौंपकर दीपावली पर्व से पहले वेतन भुगतान करने का अनुरोध किया है।

नपाध्यक्ष ने कर्मचारी संघ को आश्वास्त किया है मेरे द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया है तथा चर्चा करते हुए कहा गया है कि दीपावली का पर्व हमारे समाज में उल्लास, आनंद और समृद्धि का प्रतीक है। यह अवसर परिवारों के साथ खुशियां बांटने, घरों को सजाने तथा आत्मीय संबंधों को सुदृढ़ करने का होता है। इस विशेष अवसर पर निकाय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के परिवारों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण बना रहे, इसके लिए अनुरोध है कि उन्हें दीपावली के पूर्व माह सितंबर एवं अक्टूबर का वेतन का भुगतान कराने की हेतु राशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ताकि, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी भी हर्षोल्लास के से दीपावली मना सके।

## पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर का है मामला

# नव-निर्वाचित सरपंच और सचिव पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में नव-निर्वाचित सरपंच और सचिव के कार्यकाल पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि पंचायत में लाखों रुपए का भुगतान बिना किसी विकास कार्य या ग्राम सभा की बैठक किए, फर्जी तरीके से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से सरपंच और सचिव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने शिकायत में कहा गया है कि जब से नए सरपंच का चुनाव हुआ है, तब से गांव में सभी प्रकार के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। सबसे बड़ा आरोप यह है कि न तो ग्राम सभा की कोई मीटिंग बुलाई जा रही है और न ही पंचों को किसी फैसले की जानकारी दी जा रही है। इसके बावजूद, लाखों रुपए के बिल पास किए जा रहे हैं और सरकारी खजाने से भुगतान हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह मनमानी उस हद तक पहुंच गई है कि सरपंच ने अपने निजी मंदिर परिसर में बोर खनन करवाया और इस निजी कार्य का लाखों रुपए का भुगतान ग्राम पंचायत के फंड से कर दिया। यह सीधे तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है। एक और चौंकाने वाली वित्तीय अनियमितता सामने आई है, जिसमें पानी व्यवस्था के नाम पर डेढ़ लाख रुपए का भुगतान श्याम हार्डवेयर को किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया है कि इस भारी-भरकम राशि का कोई भी काम गांव में कहीं भी नहीं हुआ है। इस भुगतान की जानकारी न तो पंचों को है और न ही आम ग्रामीणों को।

### ग्रामीणों का आरोप, बंद पड़ा है पंचायत भवन

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जब से नए सरपंच चुनकर आए हैं, पंचायत भवन लगातार बंद पड़ा हुआ है, जिससे लोगों के रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह एक संगठित भ्रष्टाचार का मामला है, जहां सरपंच और सचिव मिलकर सरकारी नियमों और प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बिना ग्राम सभा की मंजूरी और बिना कार्य कराए लाखों का भुगतान करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

### आवेदन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि वे इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराएं। सरपंच और सचिव के कार्यकाल में हुए सभी भुगतानों और कार्यों की गहन ऑडिट करवाई जाए। इसके साथ ही, सरकारी धन का दुरुपयोग करने और नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में दोनों पदधारियों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाए हो।





## खबर संक्षेप



### जिला सहकारी कर्मचारी संगठन का चुनाव

**झलप।** जिला सहकारी कर्मचारी संगठन का चुनाव सोमवार 13 अक्टूबर 2025 को पिथौरा उप मंडी प्रांगण में शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन संगठन के वरिष्ठ सदस्यों पंकज साव, ईश्वर पटेल, राजेश प्रधान, रमेश सिन्हा एवं तुलाराम ध्रुव की देखरेख में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विजय कोसरे (झलप) को अध्यक्ष, कौशल साहू (खट्टी) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, घनश्याम चौधरी (भूकेल) को कोषाध्यक्ष तथा संतोष साहू (घोंच) को सचिव के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव में उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने का संकल्प लिया।

### नगर में अंतिम पथ संचलन आज

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त महासमुंद नगर को 10 बस्ती में बांटा गया है। जिसमें विजयादशमी का उत्सव सभी 10 बस्तियों में धूमधाम से मनाया जाना है। इसी श्रृंखला में नगर के दानवीर भामाशाह बस्ती में विजयादशमी उत्सव का अंतिम पथ संचलन 15 अक्टूबर बुधवार को स्थानीय दादा बाड़ा में आयोजित है।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तमोरा के मृतक ठाकुर राम पटेल की पत्नी संतोषी बाई एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तिलकपुर के मृतक मालिकराम बरिका के पुत्र केशर बरिहा के लिए तथा सांप के काटने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भीथीडीह डिपापारा की मृतका सादमती खड़िया की माता सगनी बाई के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



### दिवाली पर्व के लिए सज गई दुकानें, लेकिन ग्राहकी नहीं

**नर्रा।** दीपों का पर्व दिवाली कुछ दिन शेष है। पर्व को लेकर डिस्टेपर, वार्निश, ब्रश, बिरला व्हाइट चूना, लक्ष्मी गणेश सरस्वती माता की फोटो, लाई, बताशे इत्यादि की दुकानें भी सज गई है। क्षेत्र के ग्रामीण घरों की साफ सफाई व रंग रोगन के कार्य में जुट गए है। बता दें कि किसानों का जेब खाली तो कैसे मनाएगी दिवाली। किसानों के पास नगदी रकम की कमी के चलते दुकानों में ग्राहकों की कमी देखी जा रही है। क्षेत्र में बारिश की वजह से पके फसल में भूरा माहो कहर से किसान त्रस्त और परेशान है। अर्ली वैरायटी छोटे किस्म धान की कटाई में देरी होने से किसानों की जेब खाली है। इससे त्यौहार की खुशियां फीकी हैं। दिवाली के बाद कटाई कार्य में तेजी आयेगी।

## बादल छंटते ही गुलाबी ठंड ने दी दस्तक...



**नर्रा।** बीते तीन दिनों से मौसम खुला व बादल छंटते ही अलसुबह कोहरे की चादर से ढंका रहा क्षेत्र। साथ ही गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। अब लोगों को सुबह-सुबह ठंड का अहसास होने लगा है।

# पाणिग्राही को ऑनलाइन एनर्जी मैराथन में मिले 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ऑवर पावर एंड आवर प्लैनेट थीम पर आधारित आईजीईएन द्वारा एनर्जीथान 2025, एनर्जी मैराथन का ऑनलाइन आयोजन लगातार 37 घंटे के लिए किया गया। यह एक वैश्विक मैराथन था। जिसमें विश्व के 25000 लोगों ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य एवं सीओपी 30 को लक्ष्य कर पर्यावरण एवं पंच महाभूत संरक्षण के लिए यह मैराथन किया गया। ऐसे विश्व स्तरीय मैराथन में पर्यावरण प्रेमी ग्रीन केयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने लगातार ऑनलाइन 37 घंटे भाग लेकर 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट अर्जित किए। पाणिग्राही को अलग-अलग केटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन प्राप्त हुए। मैराथन में 18 घंटे भाग लेने के लिए एशिया



बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (एबीएस) अचीवर सर्टिफिकेशन, 24 घंटे भाग लेने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एजेंसी (डब्लूआरसीए) ग्रेट ब्रिटेन द्वारा स्टार पार्टिसिपेंट वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एवं लगातार 37 घंटे भाग लेने के लिए स्टार पार्टिसिपेंट, डब्लूओआर वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रदान किए गए। यह आयोजन 17 मई से 18 मई 2025 को किया गया। जिसके तीनों वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को आईजीईएन से हाल ही में मेल से प्राप्त हुए हैं। जिसे जूनियर रेड क्रॉस शिविर सिरपुर के मंच से मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्रदान करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने हर्ष जताया है।

## परेशानी : किसान फसल बचाने कर रहे हैं दवा का छिड़काव

# धान की फसल में कीट व्याधि का प्रकोप बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

धान की फसल पर तरह-तरह के कीट व्याधियों के हमलों से किसान परेशान हैं। तनाछेदक, शीथ ब्लास्ट, माइट्स, भूरा माहो ने किसानों का जीना मुश्किल कर दिया है। फसल बर्बाद होने की आशंका से किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना कि इस बार कम बारिश के बाद भी फसल अच्छी हो, इसके लिए काफी मेहनत की है। मगर तरह-तरह की बीमारियों से धान की फसल को बचाना एक बड़ी चुनौती बन गई है। पिछले दिनों





हुई बारिश से धान की खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। बालियों से लदे धान के पौधे खेतों में गिरने से सड़ने लगे हैं। खेतों में इन दिनों तना छेदक, शीत ब्लास्ट और माहो का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इन बीमारियों के रोकथाम के लिए किसान एक साथ कई तरह की दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं। महंगी दवा खरीदने के कारण किसानों की आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। बीमारियों के चलते फसल खराब हो रही है। दवा छिड़काव के लिए मजदूर नहीं मिल पाने के कारण से भी दवा का समय पर छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में पानी भरे होने कारण माहो का प्रकोप को ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। किसानों ने बताया कि दो-दो तीन-तीन बार दवा का छिड़काव करने पर भी माहो पर नियंत्रण नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के किसानों ने शासन से फसल बीमा का लाभ दिलाए जाने की मांग की है।



### मिशन क्लीन सिटी में लगी महिलाओं को साड़ी वितरित

**बागबाहरा।** मिशन क्लीन सिटी के तहत वार्ड में जाकर घर-घर कचरा कलेक्शन का काम कर रहीं महिलाओं को नगर पालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल द्वारा साड़ी वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित नपाध्यक्ष बघेल ने कहा कि आपके प्रयास से आज हमारा नगर स्वच्छता की अग्रसर है। हमें आगे और अधिक मेहनत कर नगर को और अधिक स्वच्छ बनाकर नगर का नाम उत्कृष्ट में लाना है। इस अवसर पर सभापति मंता यादव, मिथुन जगत, प्रेम साहू, उदय चंदेल, पोखराज साहू, नगर पालिका सीएमओ इंजीनियर सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कौशल ही भविष्य की सच्ची पूंजी: चातुरी

## निःशुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद सरायपाली स्थित प्रगति इंस्टीट्यूट में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत निःशुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद एवं अन्य अतिथियों ने सरस्वती मां की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर की। तत्पश्चात प्रगति इंस्टीट्यूट की तिलेश्वरी पटेल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद ने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरित किया और उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए विधायक नंद ने कहा कि "कौशल ही भविष्य की सच्ची पूंजी है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। हमारे युवा जब हुनरमंद बनेंगे, तभी नया छत्तीसगढ़ सशक्त बनेगा।" उन्होंने आगे कहा कि यह योजना केवल प्रशिक्षण देने की नहीं बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करने की पहल है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे पूरी लगन और निष्ठा के साथ पढ़ाई करें और समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं। कार्यक्रम में विधायक ने छात्रों को सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने जीवन का लक्ष्य तय करें, और हर दिन उसे पाने के लिए मेहनत करें।

प्रगति इंस्टीट्यूट परिवार ने विधायक चातुरी नंद का स्नेहपूर्ण स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने संस्थान परिवार के इस स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "ऐसे शिक्षण संस्थान ही समाज में जागरूकता और आत्मनिर्भरता की नींव मजबूत करते हैं।" कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, प्रगति इंस्टीट्यूट सरायपाली के डायरेक्टर नंदकुमार पटेल, तिलेश्वरी पटेल, मास्टर ट्रेनर संतोषनी पटेल मंचासीन रहे। इन सभी ने अपने विचार रखे और छात्रों को शिक्षा के साथ कौशल अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

### चित्रकला स्पर्धा में शिशु संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 69वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सितम्बर 2025 को एलआईसी कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई । प्रथम वर्ग (कक्षा 1ली से 5वीं) एवं द्वितीय वर्ग (कक्षा 6वीं से 8वीं)। इसमें शिशु संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रथम वर्ग में कक्षा 5वीं की लिपिका साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार द्वितीय वर्ग में निशा चंद्राकर ने प्रथम स्थान, विकास धीवर एवं भूमिका पटेल ने द्वितीय स्थान तथा सौभाग्य नामदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को एलआईसी द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। आज विद्यालय प्रार्थना सभा में एलआईसी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र एवं उपहारों का वितरण प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा किया गया।

# पेंशनरों ने की महंगाई भत्ता देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ रायपुर पंजीयन क्रमांक 1844-छत्तीसगढ़ शासन के विभागों से सेवानिवृत हुए पेंशनर्स को, जिन्होंने अपने सेवा काल में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार दिलाने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के पश्चात शासन के समक्ष महंगाई भत्ता के लिए याचना करना पड़ रहा है। 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता जनवरी 2025 से राज्य शासन द्वारा अपनी कर्मचारियों को दिया जा चुका है, परंतु अभी तक पेशनरों को नहीं मिला है और 3 प्रतिशत जुलाई 2025 से केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को दिया जा चुका है।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पेंशनरों के हक और अधिकार की उपेक्षा की जा रही है। प्रदेश के लाखों पेंशनरों में असंतोष व्याप्त है। भीषण महंगाई को देखते हुए पेंशनरों



की मांग अनुविभागीय अधिकारी नमिता मारकोले के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पूरा करने के लिए शासन से पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपनी मांग रखी। परन्तु, अभी तक शासन पेंशनरो पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया।

मांग के संबंध में पेंशनर्स एसोसिएशन के महामंत्री भैयाराम चंद्राकर, सचिव जीडी मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र होता, संरक्षक श्रीवास्तव कर, उपाध्यक्ष गजानंद चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, दिलीप सेन, भीमसेन चंद्राकर, संजय शर्मा, सुंदर साहू, पीआर बंजारे, मनोहर साहू, किशोर यादव, डेरहू राम साहू, तुलसिंह दीवान, पवन कुमार चंद्राकर, उल्लास दास, आरके सिंग, लड्डूलाल मिश्रा, एचआर देवांगन, ओसराम साहू, वासुदेव भाले, जन्म राम साहू, लखन लाल वर्मा, तुलसी सिंग दीवान ने शासन से कहा कि हमारी मांगों को दीपावली पूर्व पूरा किया जाए।






# महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रहीं: देवकी

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में 112 छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में सोमवार को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं के 112 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान सदस्य जिला पंचायत महासमुंद थी। अध्यक्षता कृष्ण कुमार सिदार सरपंच ग्राम पंचायत भंवरपुर ने की। विशिष्ट अतिथि पालक समिति के अध्यक्ष रुपसाय साहू, उपाध्यक्ष मोहित लाल नायक, समिति सदस्य युधिष्ठिर कर, गुलाब किशोर स्वर्णकार, सोमनाथ पटेल, घसिया बसंत, शौकी लाल चौधरी, मोहनलाल पटेल उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। घसिया बसंत में छत्तीसगढ़ी भाषा में छात्राओं को शिक्षा का महत्व समझाया तथा रोज स्कूल आने की बात कही। युधिष्ठिर कर ने इस योजना का लाभ बताते हुए छात्राओं को अध्ययन अध्यापन सुधार संबंधी समझाये दी। गुलाब किशोर स्वर्णकार ने छात्राओं को साइकिल को सुरक्षित रूप से चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने को कहा। मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपना नाम रोशन कर रही है। आप सभी पढ़ लिखकर आगे बढ़िए तथा अपना, अपने परिवार का, क्षेत्र का, विद्यालय का नाम रोशन कीजिए। प्राचार्य सीडी चौधरी ने विद्यालय की अध्यापन संबंधी जानकारी दी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना, पाठ्यपुस्तक योजना, छात्रवृत्ति योजना, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मुख्य अतिथि से विद्यालय के अपूर्ण बाउंड्री वाल को पूर्ण करने के लिए प्रयास करने, विद्यालय के एकमात्र भृत्य जो कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद में अटैच है, उसे वापस लाने तथा भवन निर्माण स्वीकृति के मांग रखी। जिसे मुख्य अतिथि ने स्वीकार कर प्रयास करने की सहमति दी।

इस अवसर पर बागेश्वरी धृतलहरे, ज्योति दास, करिश्मा कश्यप, सुमन यादव, जयंती साव, दीपेश ठाकुर, अरविंद नंद, मनोहर मिर्झा, जितेश साहू, प्रकाश पटेल, डिगेश्वर साव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रोहित शर्मा एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता एसएस चौहान के द्वारा किया गया।